# राजधानी में तकनीकी क्रांति का आगाज

## अब लैब की खोज बनेगी उद्योगों का आधार



**भोपाल, 10 मई. राजधानी में रविवार को 'रेयर अर्थ्स एंड टाइटेनियम टेक्नोलॉजी पार्क' (आरईटीटीपी) का भव्य उद्घाटन हुआ. जिसकी शुरुआत परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने बतौर मुख्य अतिथि की. बता दें पार्क का सबसे अहम पहलू यह है कि यहां भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) द्वारा लैब में विकसित की गई तकनीकों को बड़े स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा.**

डॉ. मोहंती ने बताया कि यह पार्क रिसर्च और व्यापार के बीच की दूरी को खत्म करेगा. जिससे नए उद्यमियों के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाना और उनके आधार पर उद्योग लगाना बेहद सरल हो जाएगा.

उन्होंने इसे 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता बताते हुये कहा कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरईटीटीपी की भोपाल में शुरुआत की गई है. डॉ. मोहंती ने कहा कि यह केंद्र न केवल दुर्लभ मृदा और टाइटेनियम क्षेत्र की तकनीकों का प्रदर्शन करेगा, बल्कि उद्योगों के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर के रूप में भी काम करेगा. इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कई उद्यमियों ने इन तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई, जो भविष्य में देश की औद्योगिक ताकत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा. कार्यक्रम में आईआरईएल के सीएमडी एस. बी. मोहंती और बीएआरसी के वैज्ञानिकों सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए. डॉ. अजीत कुमार मोहंती ने प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र नए उद्यमियों की मदद करने और देश में जरूरी सामानों की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा.

## 12 से पद वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे अभ्यर्थी

**भोपाल.** प्रदेश के हजारों शिक्षक अभ्यर्थी एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर राजधानी की सड़कों पर उतरने वाले हैं.वर्ग 2 और वर्ग 3 की भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने के लिए 12 मई से लोक शिक्षण संचालनालय के सामने अभ्यर्थी एक बार फिर से धरना प्रदर्शन करने जा रहे है. शिक्षक अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश में एक लाख से ज्यादा पद खाली होने के बावजूद सरकार ऊंट के मुंह में जीरे के समान भर्ती निकाल रही है.अभ्यर्थियों के अनुसार 16 मई को इस आंदोलन को विशाल रूप दिया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश से चयनित अभ्यर्थी भोपाल पहुंचेंगे.

# सर्पदंश के 7 दिन बाद डॉक्टरों ने बचाई जान

## अस्पताल में सांप के काटने के एक हफ्ते बाद लक्षण उभरने का यह दुर्लभ मामला

**20 दिनों तक रखा इनवेसिव वेंटिलेशन पर**

- खत्म हो गई थी सांस लेने की क्षमता पूरी तरह
- एंटी स्नेक वेनम के साथ इलाज किया शुरू

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 मई. हमीदिया अस्पताल के बाल्य एवं शिशु रोग विभाग के डॉक्टरों ने एक 13 वर्षीय किशोर को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया है.**

अस्पताल में सांप के काटने के करीब एक हफ्ते बाद लक्षण उभरने का यह दुर्लभ मामला सामने आया है.जहां आमतौर पर सर्पदंश के असर तुरंत दिखाई देते हैं, लेकिन बच्चे की स्थिति 7 दिनों के बाद इतनी गंभीर हो गई कि उसकी सांस लेने की क्षमता पूरी तरह खत्म हो गई थी. जिसको लेकर बच्चे के पिता ने सर्पदंश की आशंका जताई थी. अस्पताल में बच्चे को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती किया गया.अस्पताल लाने तक किशोर न तो चल पा रहा था और न ही ठीक से बोल पा रहा था. फेफड़ों की मांसपेशियों के काम बंद करने के कारण उसे तुरंत वेंटीलेटर पर रखा गया. डॉक्टरों की टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंटी स्नेक वेनम के साथ इलाज शुरू किया. जिसमें उसे करीब करीब 20 दिनों तक इनवेसिव वेंटिलेशन और 10 दिनों तक बाइपेप मशीन की सहायता से किशोर की सांसों को टूटने से बचाया गया.

### टीम ने 30 दिनों तक लगातार की निगरानी

बाल्य एवं शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूषा गोयल और यूनिट प्रभारी डॉ. पूर्वा गोहिया के मार्गदर्शन में डॉ. शिप्रा मंडराया ,डॉ. प्रतिभा बामने, डॉ.अंजुम और डॉ.खुशबू की टीम ने 30 दिनों तक लगातार बच्चे की निगरानी की. इस दौरान उसे नली के माध्यम से पोषण दिया गया.धीरे-धीरे सुधार होने पर जब किशोर खुद से भोजन करने में सक्षम हुआ, तब उसे अस्पताल से छुट्टी दी गई.डॉक्टरों ने बताया कि सांप के काटने पर लक्षण आने का इंतजार नहीं करना चाहिये बल्कि तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिये. क्योंकि कई बार लक्षण देरी से आने पर जान का जोखिम बढ़ जाता है.

# 3 आईपीएस के हुए तबादले

- आयुष बागरी बुरहानपुर पुलिस अधीक्षक होंगे




**भोपाल,10 मई.मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने रविवार को 3 आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं. जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी आयुष बागरी को बुरहानपुर जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है.**

वे अब तक 17वीं वाहिनी विसबल भिंड में सेनानी के पद पर पदस्थ थे.वहीं वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश सगर को दूसरी वाहिनी विसबल ग्वालियर से उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है .इसके अलावा वर्ष 2021 बैच की आईपीएस अधिकारी विदिता डागर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से स्थानांतरित कर दूसरी वाहिनी विसबल ग्वालियर में सेनानी बनाया गया है. गृह विभाग द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं.

# वाहन चोर को उदयपुरा से किया गिरफ्तार

## कोहेफिजा पुलिस ने की कार्रवाई



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 मई. कोहेफिजा पुलिस थाना पुलिस ने रविवार को वाहन चोरी के आरोपी बृजेश सिंह घोषी (32) निवासी नरसिंहपुर को रायसेन जिले के उदयपुरा से गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की एक कार, जिसकी कीमत 6 लाख रुपए बरामद की है.**

आरोपी इससे पहले एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म के प्रकरण मे जेल जा चुका है. मामले में जमानत मिलने के बाद वह फरार चल रहा था. कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था. पुलिस के अनुसार फरियादी पुष्पेन्द्र भदौरिया निवासी विजय नगर लालघाटी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. फरियादी ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात ने उनके घर के बाहर खडी कार चोरी करके ले गया. फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया. घटना के आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपी की पहचान की गई. आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी लोकेशन ली गई.

# गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख का सामान जब्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 मई. रातीबड थाना पुलिस ने रविवार को अवैध गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया.**

आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ गांजा बेचने के अवैध कारोबार में लिप्त था. बरामद हुए अवैध गांजा करीबन 126 ग्राम, एक बाइक और आरोपी के पास मिले एक मोबाइल को जब्त किया है. जब्त सामानों की कीमत करीब एक लाख रूपए बताई गई है.

एक बाइक सवार युवक बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर पूछताछ की. आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपनी पहचान विशाल श्रीवास्तव निवासी नीलबड़ बताया. आरोपी की बाइक के बैग में रखे मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 126 ग्राम और एक मोबाइल जब्त किया गया.



# एनएचएम और सनोफी इंडिया के बीच समझौता

## स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 मई. प्रदेश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और सनोफी इंडिया लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है.**

इस साझेदारी का मुख्य लक्ष्य राज्य में मधुमेह जैसी गैर संचारी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनकी जल्द पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराना है.साथ ही यह पहल दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों को विशेष सहयोग प्रदान करने पर भी केंद्रित रहेगी.

इस समझौते पर एनएचएम मध्यप्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. सलोनी सिडाना और सनोफी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दीपक अरोड़ा ने हस्ताक्षर किए. डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से राज्य के दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करेगी.उन्होंने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से लोगों को उनके घर के पास ही निशुल्क जांच और उपचार के साथ ही डॉक्टरों से टेली परामर्श की सुविधा भी मिल सकेगी.

### स्वास्थ्य पोषण, जीवनशैली पर दिया जोर

समझौते के तहत स्कूल स्तर पर बच्चों को स्वास्थ्य पोषण और बेहतर जीवनशैली के प्रति शिक्षित करने पर भी जोर दिया जाएगा.दीपक अरोड़ा ने कहा कि भारत में गैर संचारी रोगों की समय पर पहचान करना बेहद आवश्यक है.

# मॉडल की मौत, साथी युवक के खिलाफ केस दर्ज

## आरोपी कासिम के खिलाफ हिंदू नाम बताकर दोस्ती करने का आरोप

**06 महीने पहले की घटना की पुलिस जांच हुई**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 मई. खजूरी सड़क थाना पुलिस ने एक मॉडल की मौत की जांच कर आरोपी कासिम के खिलाफ लापरवाही बरतने का प्रकरण दर्ज किया है. मॉडल रही खुशबू अहिरवार उर्फ खुशी वर्मा की मौत करीब 6 महीने पहले हुई थी. मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच की है.**



उप निरीक्षक प्रभावती ने बताया कि आरोपी कासिम के साथ खुशबू अहिरवार उर्फ खुशी वर्मा लिव इन में रहती थी. नवबंर 2025 में खुशबू , जब कासिम के साथ उज्जैन से भोपाल आ रही थी. इस दौरान रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई. कासिम ने उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया था और मौके से फरार हो गया था. पुलिस ने मर्ग की जांच करते हुए खुशबू की मौत के मामले में आरोपी कासिम के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है. खुशबू के परिजनों ने आरोपी कासिम के खिलाफ हिन्दू नाम बताकर दोस्ती करने का आरोप लगाया था. कासिम के खिलाफ लव जिहाद और एससी-एसटी के तहत मुकादमा पूर्व से ही दर्ज है. आरोपी कासिम के खिलाफ उस समय छोला मंदिर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी. छोला थाने से मामले की केस डायरी खजूरी सड़क थाने को भेजी गई. मामले में जांच करते हुए पुलिस ने कासिम के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया है.

खुशबू अहिरवार कुछ साल पहले भोपाल में माडलिंग के लिए आई थी. यहां उसकी पहचान आरोपी कासिम अहमद से हुई थी. इसके बाद दिनों लिव-इन में रहने लगे थे. खुशबू मूलत: सागर जिले के मंडी बमौरा गांव की रहने वाली थी, जबकि आरोपी कासिम उज्जैन का रहने वाला है.

> आरोप है कि खुशबू की मौत से एक दिन पहले कासिम उसे लेकर उज्जैन गया था, जहां उसने खुशबू के परिजनों से उसकी मुलाकात कराई थी. इसके बाद खुशबू और कासिम भोपाल आने के लिए निकले थे. रास्ते में सफर के दौरान खुशबू की तबीयत खराब हुई थी.

# टिंबर मार्केट में लगी आग

**18 फीट तक लपटें उठती रहीं**

- मौके पर पहुंचा फायर बिग्रेड अमला

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 10 मई. बरखेड़ी ऑटो स्टैंड के पास टिंबर मार्केट में रविवार को दोपहर में आग लग गई. यहां भीषण आग लगने से करीब 18 फीट तक लपटें उठती रही. आग लगने की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया. भीषण आग को देखते हुए लोगों ने बाहर निकल कर खुद का बचाव किया.**

जानकारी के मुताबिक मार्केट में एक दुकान में आग लगी. हवा का रूख तेज होने से आग जल्द ही फैलती गई. आग लगने की जानकारी लगते ही मार्केट के दुकानदार और ग्राहक सक्रिय हो गए और सुरक्षित स्थान पर खड़े हो गए. घटना की सूचना तुरंत ही फायर बिग्रेड़ को दी गई. मौके पर पहुंचे अमले ने आग पर काबू पाया. मार्केट के जिस स्थान पर आग लगी उसकी बाउंड्री के पीछे रेलवे ट्रैक है. इस ट्रैक से हमेशा ट्रेनों का आवागमन बना होता है. फिलहालआग लगने का कारण शार्ट सर्किट से होना बताया गया है. इस मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे. इससे पूर्व भी टिंबर मार्केट में आग लगने की घटनाएं हो चुकी है. अब यहां की मार्केट को शिफ्ट करने की भी तैयारी की जा रही है.

# सड़क निर्माण के लिए हटाई 38 झुग्गियां

**भोपाल, 10 मई. एनएचएआई की 10 लेन सड़क परियोजना के लिए रविवार को अर्जुन नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. सुबह 8 बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर 3 बजे तक चली. इस दौरान सड़क के रो क्षेत्र में आ रही 38 झुग्गियां हटाई गई.**




कार्रवाई जिला प्रशासन, नगर निगम और एनएचएआई की संयुक्त टीम ने की. मौके पर एसडीएम गोविंदपुरा, तहसीलदार, आरआई, पटवारी, अतिक्रमण अधिकारी और नगर निगम का अमला मौजूद रहा. सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था. प्रशासन के अनुसार झुग्गियां सड़क निर्माण में बाधा बन रही थीं. शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए 10 लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है. इसी के तहत रो क्षेत्र खाली कराया गया.






**चिंता** अस्पताल में मुफ्त सेवा का दावा टूटे कांच में बिखरा

# जेपी अस्पताल में सेहत का डिब्बा खुद बीमार



दवा वितरण काउंटर की दीवार पर लगा सेल्फ केयर किट का खाली पड़ा डब्बा




रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने टंगा सेल्फ केयर किट के डब्बे का टूटा कांच, धूल जमी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 मई. जयप्रकाश जिला अस्पताल में मरीजों की सेहत की चिंता करने वाला सरकारी सिस्टम खुद बीमार नजर आ रहा है. यहां रजिस्ट्रेशन काउंटर के ठीक सामने दीवार पर और दवा वितरण काउंटर के बाहर लगा सेल्फ केयर किट का लाल डिब्बा अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है.**

रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने लगे डिब्बे का शीशा टूटा हुआ है.अंदर मुफ्त कंडोम और सैनेटरी पैड की जगह सिर्फ धूल और गंदगी भरी है.डब्बे के ऊपर साफ लिखा है मुफ्त उपलब्ध, पर लेने के लिए अंदर कुछ है ही नहीं, अंदर है तो सिर्फ धूल और गंदगी. पैथोलॉजी लैब ब्लॉक ए के बोर्ड के नीचे टंगा यह डिब्बा रोज सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल की व्यवस्था का आइना दिखाता है.कुछ यही हाल दवा काउंटर के सामने की दीवार पर टंगें सेल्फ केयर किट डिब्बे का भी है, जो कि खुला, गंदा और खाली पड़ा हुआ है.

> बता दें जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से लगाए गए ये डिब्बे परिवार नियोजन और एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगाए जाते हैं.जिसका मकसद है कि लोग बिना शर्म और बिना पैसे के जरूरी सामान ले सकें. लेकिन जेपी अस्पताल में यह सुविधा सिर्फ दीवार की शोभा बनकर रह गई है.रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में खड़े लोग इसे देखते हैं, सिर हिलाते हैं और आगे बढ़ जाते हैं.

> सीएस से बात करके इस विषय पर निर्देश जारी करते हैं, कि जल्द से जल्द व्यवस्था को ठीक कराया जाये.
> **डॉ. मनीष शर्मा,** सीएमएचओ, भोपाल